सार-समाचार

रामलीला में सीता का हुआ हरण

झुंझुनूं ।गांधी चौक रामलीला मैदान में पंचवटी पर लंकापति रावण की बहन सुर्पनका का राम के भाई लक्ष्मण ने नाक काटा। नाक कटते ही चिल्लाते हुए खर, दूषण और तिरस्त्रा के पास गई। तीनों भाई बहन के साथ पंचवटी जाते हैं और राम को युद्ध के लिए ललकारते हैं। लक्ष्मण माता सीता को लेकर पहाड़ों में चले जाते हैं। राम युद्ध करते हुए उनका संघार कर देता है। परेशान सुर्पनका सहायता के लिए अब रावण के पास जाती हैं। चेहरा देखते ही रावण आग बबूला होकर पूछता है बतला बहने सुर्पनका यह कैसा घोर घमासान हुआ। तब वो राम सीता और लक्ष्मण की बात बताती है। इतना सुनते ही रावण मामा मारीच के पास जाकर सीता हरण के लिए उसे माया मृग बनने का हुकुम देता। रावण साधु के भेष में सीता का हरण करता है। उधर राम और लक्ष्मण को इसका गहरा आघात लगता है। दोनों भाई पंचवटी से सीता की खोज में निकल पड़ते हैं। लिया में प्रमोद खंडेलिया, श्रीकांत पंसारी, दिनेश शर्मा, गौरीशंकर कुमावत, प्रकाश शर्मा, गौरीशंकर खडोलिया, मुकेश व्यास, संजय सैनी आदि उपस्थित रहे।

कॉल सेंटर 1962 का लोकार्पण

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी । भारत सरकार की केंद्र प्रवर्तित योजना के तहत प्रदेश में 536 मोबाइल वेटेरनरी युनिट से पशुपालकों को उनके घर पर पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी।यह जानकारी देते हुए पशुपालन विभाग लक्ष्मनगढ के उपनिदेशक डॉ मोहन भोगे ने बताया कि कॉल सेंटर का हेल्प लाइन नंबर 1962 है जिस पर फोन कर पशुपालक इस सेवा का लाभ ले सकेगा। उन्होंने बताया कि पशु बिमार होने पर कॉल सेंटर हेल्पलाइन नंबर 1962 पर सूचना दर्ज करानी पड़ेगी । कॉल सेंटर के द्वारा पशुपालक का नाम, गांव ,पशु एवं रोग के लक्षण आदि की जानकारी प्राप्त कर सिस्टम पर दर्ज होगी तथा लक्षणों के आधार पर सिस्टम में पूर्व से संधारित डाटा अनुसार एवं कॉल सेंटर पर उपस्थित पशु-चिकित्सक की सलाह अनुसार टीप्स जनरेट किया जाएगा। इसके बाद पशुपालक के फोन पर एक मेसेज जाएगा तथा एक मेसेज संबंधित गांव की मोबाइल वेटेरनरी यूनिट के पशु चिकित्सक के फोन पर जाएगा। साथ ही इससे संबंधित विवरण पशु चिकित्सक के पास उपलब्ध मोबाइल एप्लीकेशन पर भी प्रदर्शित होगा। मोबाइल वेटेरनरी यूनिट पर उपलब्ध जीपीएस तथा मोबाइल पर उपलब्ध एप्लीकेशन की ट्रेनिंग काल सेंटर पर द्वारा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पशु-चिकित्सक यथोचित उपचार कर एप्लीकेशन पर दर्ज करेगा।कहां हो राम रघुराई, करे अब कौन सुनवाई...ये पापी हर ले चला है..

जागरुकता वाहन को दिखाई हरी झंडी

झुंझुनूं। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने बुधवार को डेंगू के प्रति लोगों को जागरूक बनाने के लिए सीएमएचओ ऑफिस से दो जागरुकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने बताया कि ये वाहन चार दिन तक शहर के सभी क्षेत्रों में माईकिंग कर पेंपलेट वितरित कर डेंगू के प्रति जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया कि विभाग विभिन्न माध्यमों से आमजन को इस बात के लिए जागरूक करने का प्रयास कर रहा है कि आपके घरों में आपकी जरा लापरवाही से पनपने वाले मच्छर आपको कितना नुकसान पहुंचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभाग की टीम को सपोर्ट करें। उनके बताए अनुसार पानी की टंकी, कूलर, फ्रीज की ट्रे, गमले आदि को नियमित साफ करें। ताकि मच्छर पैदा करने वाला लार्वा आपके घर में नहीं पनपे। उन्होंने बताया कि 60 टीम भी सभी 60 वार्डों के घरों में क्रॉस विजिट कर रही है और एंटी लार्वा गतिविधियां संचालित कर रही है।

गुजराती गानों पर किया नृत्य

राजलदेसर, (निसं.)। कस्बे में बालाजी सेवा समिति एवं उतरादा बास वार्ड नं 12 के मोहल्ले वासियों के सहयोग से रेलवे फाटक के पास नवरात्रि के पावन पर्व पर तीसरी बार दुर्गा पूजा महोत्सव के साथ 4 दिवसीय डांडिया महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यहां कस्बे की महिलाओं व युवतियों के द्वारा शानदार राजस्थानी वेश भूषा में सज धजकर गुजराती व अन्य गानों पर समूह के साथ डांडिया गरबा के साथ नृत्य किया व मातारानी को रिझाया। विशेष कर युवतियों में डांडिया गरबा को लेकर काफी उत्साह नज़र आ रहा है। इस अवसर पर समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।

10 किलो मिलावटी घी जब्त किया

झुंझुनू। खाद्य सुरक्षा आयुक्त, जिला कलेक्टर झुंझुनूं व सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी के निर्देश पर गुढ़ागौड़जी में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 किलो घी मिलावट के शक पर जब्त किया। साथ ही खराब कलाकंद व गुलाब जामुन 40 किलो नष्ट करवाया गया। इस मौके पर कलाकंद व घी का खाद्य नमूना लेकर जांच के लिए जयपुर प्रयोगशाला में भिजवाया गया तथा दुकानदार को साफ सफाई रखने के लिए निर्देशित किया गया। विभाग द्वारा उक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी

बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ कार्यशाला

बीकानेर, (कासं)। महिला अधिकारिता तथा महिला एवं बाल विकास परियोजना द्वारा बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह के तहत बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान कार्यशाला का पांचू में आयोजन किया गया। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, साथिन, आशा का विभागीय गतिविधियों, योजनाओं और अधिनियमों पर आमुखीकरण और द्विपक्षीय वार्ता की गई। इस अवसर पर विकास अधिकारी जसवंत विश्नोई ने बाल विवाह रोकथाम पर जानकारी दी। सहायक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र ने शिक्षा विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। डॉ. विकास ने भी कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के साथ लाडो और मुखबिर योजना के बारे में बताया। आईसीडीएस की पर्यवेक्षक वीणा खत्री, वंदना तोमर, सुमन खड़गावत में पोषण ट्रेकर, सहजन के पौधे की महत्ता और गर्भावस्था में समुचित विकास के बारे में बताया। मनीराम विश्नोई ने बाल विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता की विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर 150 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, साथिन, आशा सहित पंचायत समिति कार्मिक उपस्थित थे।

मिठाई के सैम्पल लिए

हनुमानगढ़, (कासं)। जिले में शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा दल की टीम ने बुधवार को हनुमानगढ़ में मिठाई विक्रेताओं से खाद्य सामग्री के पांच सैम्पल संग्रहित किए। त्यौहार नजदीक होने के कारण चल रहे अभियान के तहत जिले में अधिक सैम्पल लेने की कार्यवाही की जा रही है ताकि मिलावट करने वालों पर नकेल कसी जायेगी। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि मै. श्री रानी भटीयाणी जोधपुर स्वीट्स से बर्फी मावा मिठाई, मै. जीएन स्वीट्स रसगुल्ला, मै. बंसल किराना स्टोर से मस्टर्ड ऑयल, घी एवं मै. सांईजी स्वीट्स से बर्फी मावा मिठाई का सैम्पल लिया गया। उन्होंने बताया कि आज निरीक्षण दल में शामिल एफएसओ रफीक मोहम्मद, सहायक कर्मचारी हीरावल्लभ एवं गुरूशरण कंग उपस्थित थे। सैम्पल की जांच के लिए नमूनों को खाद्य प्रयोगशाला भिजवा दिया गया है। डॉ. नवनीत शर्मा ने आमजन से अपील की कि मिलावट करने वाले खाद्य विक्रेता एवं अवधिपार सामग्री बेचने वाले वाले लोगों की जानकारी चिकित्सा विभाग के नम्बर 01552-261190 अथवा राज्य स्तरीय व्हाट्सएप नंबर 9462819999 पर दें ताकि जिले में शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई हो सके। इस पर शिकायत मिलने पर विभागीय टीम खाद्य पदार्थ की जांच करेगी और सैम्पल लेगी। इसके बाद रिपोर्ट आने पर न्यायालय की ओर से जुर्माना लगाया जायेगा।

रक्तदान शिविर आयोजित

बीकानेर, (कासं)। रक्तवीर राजेश गोदारा के जन्मदिवस के अवसर पर दूसरा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन बीकानेर के पीबीएम अस्पताल ब्लड बैंक में 11 अक्टूबर को किया जायेगा। रक्तदान शिविर के बैनर का विमोचन मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ डॉ. हरीश आर्य, डॉ. प्रशान्त बेनिवाल, डॉ. मनोज कुमार माली (सह आचार्य मेडिसिन विभाग), डॉ. रमाकांत दिशा (फिजिसियन) द्वारा किया गया। डॉ. मनोज कुमार माली ने बताया कि रक्तदान महादान हैं, जो हर जरूरतमंद मरीज को जीवन दाता के रूप में उभर कर काम आयेगा। राजेश गोदारा ने बताया कि रक्तवीर जीवनदाता सेवा समिति, बीकानेर हमेशा जरूरतमंद लोगों की सेवा में तत्पर रहती है। संस्थान के सदस्यों द्वारा इस मानवता जैसे कार्यों की पहल करके सामाजिक सरोकार एवं जीवनदान है।

समस्या समाधान शिविर

श्रीगंगानगर, (कासं)। श्रीगंगानगर व अनूपगढ़ जिले की तहसील के भूतपूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं के लिये 16 एवं 17 अक्टूबर को पूर्व सैनिक समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जायेगा।

चिड़ावा मोबाइल वेटरनरी यूनिट का हुआ लोकार्पण

भाजपा जिला महामंत्री ने कहा कि एक लाख पशुओं को मिलेगी सुविधा

चिड़ावा,(निसं) । आका वाली ढाणी स्थित पशुपालन विभाग के ब्लॉक कार्यालय में ब्लॉक चिड़ावा की मोबाइल वेटरनरी यूनिट का लोकार्पण मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री राजेश दहिया ,विशिष्ट अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय सिंह बडेसरा ने किया।

एक लाख पशुओं का जिम्मा प्रभारी डॉ राजेश सिंगला ने बताया कि

■ **प्रत्येक 1 लाख पशुओं पर एक मोबाइल वेटरनरी यूनिट काम करेग**

पूरे प्रदेश में कुल 536 मोबाइल वेटरनरी यूनिट कार्यरत हैं। इसमें जिला झुंझुनू में 12 मोबाईल यूनिट कार्यरत है। चिड़ावा ब्लॉक स्तर पर भी एक मोबाइल वेटरनरी यूनिट कार्यरत रहेगी।प्रत्येक 1 लाख पशुओं पर एक मोबाइल वेटरनरी यूनिट काम करेगी।

ऐसे मिल सकेगी सुविधा पशुपालक द्वारा अपने बीमार पशु के इलाज के लिए 1962 पर कॉल करने पर कॉल सेंटर जयपुर से मोबाइल वैन में कार्यरत अधिकारी के पास मैसेज वह कॉल आएगा एवं मोबाईल यूनिट टीम द्वारा पशुपालक के घर जाकर पशु का निशुल्क इलाज किया जाएगा।

इनको मिलेगा फायदा इस मोबाइल वैन के चलने से जहां एक तरफ गरीब पशुपालक को फायदा होगा, वहीं दूसरी ओर पशुपालक को घर पर उपचार मिल सकेगा। राजेश दहिया द्वारा इस मौके पर पशुपालकों को ज्यादा से ज्यादा इस योजना का लाभ उठाने के लिए कहा गया। अंत में प्रभारी डॉ राजेश सिंगला द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।इस मौके पर स्टाफ के अन्य सदस्य डा विश्वदीप स्वामी, राम बिहारी, नजेंद्र सिंह,सुभाष, संगीता लमोरिया, पृथ्वी सिंह ,मुबारक अली, दिनेश व राजेश राव सहित अन्य लोग मौजूद थे। वैन के प्रभारी श्री विष्णुसिंह एवं ड्राइवर श्री विजेंद्र का मुख्य अतिथि राजेश दहिया द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

मोबाइल वेटरनरी यूनिट का लोकार्पण भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री ने किया।

उद्घाटन मैच राणासर ने जीता

चूरू,(कासं.)। ग्राम झारिया के खेल मैदान पर राज्यस्तरीय एकल ग्रामीण रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पीसीसी के प्रदेश सचिव मुस्ताक खान ने फिता काटकर व गेंद खेलकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा नेता मोहम्मद लतीफ तंवर ने की। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि निसार खान, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव महेश ढूकिया, आसिफ खान, पंचायत समिति सदस्य सुनिल मेघवाल, जिला परिषद प्रत्याशी भंवर सिंह, अकबर खान राणासर, पूर्व लोहिया कॉलेज संयुक्त सचिव पुलकित चौधरी, गुलजार खान, फरमान खान आदि मंचस्थ अतिथि थे। मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव मुस्ताक खान ने कहा कि रात्रिकालीन राज्यस्तरीय आधुनिक फ्लड लाइटों से सुसज्जित इस तरह की प्रतियोगिता से स्थानीय खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। झारिया ग्राम के गोगामेड़ी मैदान का पुराना इतिहास रहा है और यहां पारंपरिक खेलों का आयोजन पुराने समय से होता आ रहा है। सुनिल मेघवाल ने सफल आयोजन के लिए सभी अतिथियों, आयोजक मोहम्मद लतीफ तंवर और उनकी टीम व सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।

विश्व डाक दिवस पर डाककर्मियों का सम्मान किया

उदयपुरवाटी,(निसं) । कस्बे में विश्व डाक दिवस पर स्थानीय डाक कार्यालय पर उपडाकपाल रामपाल मीणा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय केंद्र की संचालिका बीके सुनीता बहन थी । कार्यक्रम में डाक कर्मियों का पुष्प माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया ।

कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि भारतीय डाक विभाग का देश के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में अद्भुत एवं अद्वितीय योगदान है । वैश्विक दुनिया में डाक सेवाएं संचार व सूचना संप्रेषण का सबसे पुराना व विश्वसनीय माध्यम रही है, तकनीकी युग व डिजिटल क्रांति से पूर्व डाक सेवाएं ही दूरगामी क्षेत्र में एकमात्र संवाद स्थापित करने का माध्यम था, जिसके जरिए लोगों के एक-दूसरे से आत्मिक रिश्ते कायम होते थे । मुख्य अतिथि बीके सुनीता बहन ने कहा कि जब भी डाककर्मी घर के द्वार के समीप आता था तो संबंधित व्यक्ति के मन में अपार खुशी का एहसास होता था, कि आज अपनों का शुभ समाचार आ रहा है । सारे परिवारजन चिठ्ठी पढ़कर एवं सुनकर असीम सुखानुभूति महसूस करते थे । भारतीय चित्र पट जगत की भी बहुत से सामाजिक व चल चित्रों में डाक व्यवस्था की भूरी भूरी प्रशंसा एवं चित्र पट में छायांकन किया गया है ।

चित्र पट संगीत ने भी डाक व्यवस्था के प्रति बहुत से सुरम्य संगीत से सुशोभित किया है । कार्यक्रम के अध्यक्ष उपडाकपाल रामपाल मीणा ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम में सुभाष सैनी, एडवोकेट ताराचंद सैनी नांगल, कमलेश कुमार, राजेंद्र प्रसाद, बाबूलाल मीणा, सुरेंद्र कुमार, जयराम मीणा, श्याम सुंदर, सुनील कुमार, अर्जुन लाल सैनी, कन्हैयालाल, सुभाष कुमार, कुंदन कंवर, बाबूलाल, सुरेंद्र कुमार, जुगल किशोर सैनी, ऋतिक कुमार सहित कई मौजूद रहे ।

उदयपुरवाटी में विश्व डाक दिवस पर डाक कर्मियों का सम्मान करते।

तीन बच्चों का बॉक्सिंग में नेशनल के लिए चयन

झुंझुनूं । जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के तीन बच्चों का बॉक्सिंग में नेशनल के लिए चयन हुआ है। संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि सीबीएसई वेस्ट जॉन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के छह बच्चों ने भाग लिया। जिसमें रोहित, पृथ्वी व अंकित चौधरी का नेशनल के लिए चयन हुआ है। रोहित ने 46-48 किलो भारवर्ग में ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल मध्यप्रदेश के प्रतियोगी को हराकर गोल्ड मैडल प्राप्त किया। वहीं पृथ्वी ने ओवर 80 किलो भारवर्ग में केशवानंद स्कूल सीकर के प्रतियोगी को हराकर गोल्ड मैडल प्राप्त किया। अंकित चौधरी ने 32-34 किलो भार वर्ग में बीकानेर के पार्थ सिंह को हराकर गोल्ड मैडल प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन तीन से छह अक्टूबर के बीच श्रीसंत इशार सिंह महाराजा अकेडमी कामिनपुरा श्रीगंगानगर में हुआ। जिसमें राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश के 1200 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित किया गया। प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने बच्चों इस उपलब्धि पर बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 20 अक्टूबर के बीच सैन सीसै स्कूल कनीना महेंद्रगढ़ हरियाणा में होगा। इस अवसर संस्थान एकेडमिक डायरेक्टर समीर , अनिता और महेंद्र सैनी,संदीप समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

■ **प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के तीन बच्चों का बॉक्सिंग में नेशनल के लिए चयन हुआ**

दिशा की बैठक 15 अक्टूबर को

चूरू, (कासं.)। सांसद राहुल कस्वां की अध्यक्षता में 15 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे जिला परिषद सभागार में दिशा 'डिस्टिक्ट लेवल कॉर्डिनेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी' की वर्ष 2024-25 की बैठक आयोजित की जाएगी। सीईओ श्वेता कोचर ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सुगम्य भारत अभियान, राष्ट्रीय पोषाहार सहायता कार्यक्रम, महानरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, समेकित बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिले स्पष्ट जनादेश पर आतिशबाजी की

चूरू,(कासं.)। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिले स्पष्ट जनादेश पर आतिशबाजी की और एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर खुशियां मनाई। यहां पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने इस जनादेश को जनता का आशीर्वाद बताते हुए कहा कि हरियाणा की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों में विश्वास व्यक्त किया है। राठौड़ ने कहा कि यह जनादेश उन सभी ताकतों के मुंह पर तमाचा भी है जो समाज को तोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता अब कांग्रेस की विभाजनकारी नीतियों के बारे में जान चुकी है। विधायक हरलाल सहारण ने बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा की जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह से नकार दिया है। क्योंकि वहां भाजपा का दस वर्षों का शासन सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी रहा है। प्रदेश मंत्री डॉ वासुदेव चावला ने कहा कि यह जीत हम सब कार्यकर्ताओं के लिए आनन्द की जीत है और इस जीत से यह साबित हो गया है कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा विश्व स्तर पर जो भारत का नाम रोशन किया है उसके प्रति देश की जनता में गहरा सम्मान है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, राष्ट्रीय परिषद् सदस्य ओम सारस्वत, प्रदेश मंत्री एससी मोर्चा सीताराम लुगरिया, जिला महामंत्री भास्कर शर्मा, अभिषेक चोटिया, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र काछवाल, नरेन्द्र कंवल, सत्तार खान, मण्डल अध्यक्ष दीनदयाल सैनी व सुरेश सारस्वत, पदमसिंह राठौड़, फतेह चंद सोती, उपजिला प्रमुख महेंद्र न्योल, पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, मोहनलाल गढ़वाल, विमला गढ़वाल, किशन आसेरी, हेमसिंह शेखावत, पार्षद लिखमीचंद प्रजापत, असलम डायर, शोभा चौधरी, विजय शर्मा, हिमाशू, ओम इन्दोरिया, राजीव लाम्बा, सम्पत सिंह राठौड़, श्रीराम पीपलवा, आनन्द रैगर, साबीर कुरेशी, राकेश शर्मा, अमीलाल धेतरवाल, लीलाधर सुण्डा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

■ **राठौड़ के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिले स्पष्ट जनादेश पर आतिशबाजी की**

राठौड़ के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिले स्पष्ट जनादेश पर आतिशबाजी की।

सार-समाचार

दुर्गा पूजा परशुराम भवन में आयोजित

जय मां जगदंबे युवा भक्त मंडल द्वारा तीसरी बार आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव परशुराम भवन में आयोजित किया जा रहा है।

चूरू,(कासं.)। जय मां जगदंबे युवा भक्त मंडल द्वारा तीसरी बार आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव परशुराम भवन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम आयोजक संतोष महनसरिया ने बताया कि दिल्ली के सुप्रसिद्ध कलाकारों ने नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी, जिसमें राधा कृष्ण सुदामा और शिव पार्वती नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहा। प्रतिदिन शाम को दुर्गा माता की आरती के पश्चात रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है और माता का खजाना भी निकाला जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र चौबे, मंगतूराम राम चोटिया थे। अरुण ठठेरा व विकास शर्मा ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकर्ता मुकेश ठठेरा, श्रवण भाटी, योगेश ठठेरा, मनोज भाटी, कृष्ण शर्मा, गजेंद्र, तुषार, नरेश कंदोई ने सहयोगी भूमिका निभाई।

हार्मोन टेस्ट मशीन का शुभारंभ

नवलगढ़। कस्बे के छोटा बस स्टैंड श्री हरि हॉस्पिटल में ऑटोमेटिक हार्मोन टेस्ट मशीन मगलूमी 800 का उदघाटन किया गया। जिसमें श्री हरि हॉस्पिटल के संचालक डॉ. राजेश सैनी ने बताया कि अब नवलगढ़ में हार्मोन के सभी टेस्ट हो पाएंगे। जिनकी रिपोर्ट मरीजों को तुरंत मिल सकेगी। श्री हरि हॉस्पिटल प्रबंधक अमित सैनी ने कहा कि पहले हार्मोन की जांच के लिए सीकर, जयपुर सैंपल भेजना पड़ता था। जिसमें में मरीजों को रिपोर्ट का इंतजार करना पड़ता था। अब थाइराइड, विटामिन व हार्मोन से संबंधित जांचें तुरंत ही पीड़ित मरीज को रिपोर्ट उपलब्ध हो पाएगी। चिरंजीवी व आरजीएचएस में भी सभी जांचे हो पाएगी।

आज निकलेगी करणी माता की झांकी

चूरू, (कासं.)। शेखावत कॉलोनी स्थित करणी माता मंदिर में मां करणी के जन्म दिवस के उपलक्ष में गुरुवार को सुबह झांकी व रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। करणी माता मंदिर समिति के अध्यक्ष रतन सिंह शेखावत ने बताया कि झांकी सुबह 9.15 बजे निकाली जाएगी व रात्रि जागरण रात 9.15 बजे से प्रारंभ होगा।

लाईब्रेरी का किया उद्घाटन

पाटन,(निसं)। ग्राम पंचायत छाजा की नांगल के ग्राम बोपिया में विधायक कोष से 8 लाख की लागत से बाबा भोमिया सार्वजनिक लाईब्रेरी का उद्घाटन विधायक सुरेश मोदी ने किया। विधायक मोदी ने कहा कि पुस्तकालय की स्थापना गांव के युवाओं के लिए पढ़ने के लिए कि गई है, जो कि एक अच्छे और बौद्धिक समाज की पहचान है। शिक्षा के अभाव में सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है, पुस्तकालय में अच्छे समाज के निर्माण की नींव तैयार होती है। विधायक मोदी ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सभी विषयों व पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उदेश्य से आधुनिक निःशुल्क पुस्तकालय का निर्माण किया गया है।

उन्होने कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत का रास्ता देश के गांव से ही होकर जाता है। इसलिए देश को आत्मनिर्भर व विकसित भारत बनाने के लिए गांव का विकास करना जरूरी है।इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य कांता प्रसाद शर्मा, ब्लॉक मालाराम वर्मा, सरपंच सुनिल मेहरड़ा, मण्डल अध्यक्ष शास्त्री विजय सिंह, पंचायत समिति सदस्य सुरेन्द्र, पंचायत समिति सदस्य , मुसद्दीलाल पटवारी, मन्नालाल अध्यापक, रामसिंह महरड़ा, सिंगाराम रास्वरूप, रामनिवास, राजपाल पार्षद, दिनेश पटेल, प्रभूदयाल, राजेन्द्र यादव, नरेश यादव,सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 82/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री सन्तोष कुमार शर्मा पुत्र श्री किशन लाल शर्मा वार्ड नम्बर 11 रघुनाथ जी के मंदिर के पास मुकुन्दगढ़, जिला झुंझुनू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत श्री रघुनाथ मंदिर ट्रस्ट मुकुन्दगढ़, जिला-झुंझुनू के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 23.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 26.11.2024
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर

HARIOM PAREEK
ADVOCATE, (RAJASTHAN HIGHCOURT)
OFFICE-CHOUDHARY WELL, WARD NO.47] SARDARSHAHR DIST-CHURU
MO. 8005623692
आम सूचना
मेरी मुव्वकिला माया बाई चेली हाजी उमराव जाति किम्बर उम्र तकरीबन 71 वर्ष निवासीनी वार्ड नं. 50 सरदारशहर जिला चूरू राजस्थान की है, जो मेरे मार्फत हर खाशो आम को सूचना करती है कि मेरी मुव्वकिला ने दिनांक 07.08.2024 को एक वसीयत निष्पादित की है तथा इस वसीयत द्वारा पूर्व में निष्पादित की गई प्रत्येक वसीयत को चाहे वह रजिस्ट्रर्ड हो अथवा रजिस्ट्रर्ड नहीं हो, सभी को खारिज करती है। मेरी मुव्वकिला की यह अंतिम वसीयत है, इसलिए इस वसीयत से पूर्व की सभी वसीयत दिनांक 07.08.2024 के बाद से प्रभाव में नही रहेगी तथा पूर्व की किसी भी वसीयत से कोई भी व्यक्ति मेरी मुव्वकिला की किसी भी सम्पति पर हक का दावा नहीं कर सकेगा। यदि कोई व्यक्ति मेरी मुव्वकिला की किसी सम्पति के हक के बारे में किसी व्यक्ति के साथ सौदा करेगा, तो वह अमान्य होगा तथा उसकी समस्त जिम्मेवारी उसकी स्वयं की होगी। सूचित रहे।
दिनांक 07.10.2024
भवदीय
हरिओम पारीक, एडवोकेट
सरदारशहर, चूरू

न्यायालय अपर जिला जज एवं सेशन न्यायाधीश लक्ष्मणगढ़ जिला-सीकर राज.
दीवानी विविध प्रकरण संख्याः- 57/2024
हर्षिता आयु 10 वर्ष पुत्री स्व. रघुवीरसिंह जाति जाट निवासी नेछवा तहसील नेछवा जिला-सीकर नाबालिग जरिये प्राकृतिक संरक्षक नानी संतोष देवी आयु 50 वर्ष पत्नी नेमाराम ढिढारिया जाति जाट निवासी वार्ड नं. 40 रेलवे माल गोदाम के पीछे सुजानगढ़ जिला चूरू राज.
-आवेदिका-
1. हर खास व आम
-अनावेदक-
आवेदन अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1955 वास्ते प्राप्त करने लेटर्स ऑफ एडमिसट्रेशन
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रेषित है कि स्व. वन्दना पत्नी स्व. रघुवीरसिंह का देहांत दिनांक 19.03.2024 को हो चुका है, आवेदिका स्व. वन्दना पत्नी स्व. रघुवीरसिंह की वैध वारिस है। इनके अलावा अन्य प्रथम श्रेणी का वारिस नहीं है। आवेदिका की माता राजस्व विभाग में पटवारी के पद पर कार्यरत थी, जिनके जी.पी.एफ, एस.आई. एवम स्टेट बैंक की एफ.डी.आर. एवं अनुकम्पा नियुक्ति तथा कृषि भूमि ग्राम नेछवा स्थित है। जिसके बाबत आवेदिका ने लेटर्स ऑफ एडमिसट्रेशन प्राप्त करना चाहती है।
अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो, तो वह असालतान या वकालतन दिनांक 22.11.2024 को न्यायालय समय पर हाजिर होकर आपत्ति पेश करें। अन्यथा नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा। दिनांक 05.10.2024 को न्यायालय की मुद्रा से जारी किया जावे।
अपर जिला सेशन न्यायाधीश
लक्ष्मणगढ़ जिला-सीकर राज.